

नवभारत
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल, 2026

# शराब दुकान : राजनीति जीती, जनता हारी

**खास बातें**

- 5 दिन सुकून से चली दुकान अचानक आबकारी को हुई परेशानी
- सियासत पड़ रही भारी, आक्रोशित जनता ने किया चक्काजाम
- मेन रोड पर दुबारा से खुल रही दुकान के विरोध में आत्मदाह का प्रयास



नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 अप्रैल, पीतलमील चौराहा स्थित शराब की दुकान में अब राजनीति की एन्ट्री हो चली है.मेन रोड पर खुली इस शराब को वहां से हटाकर दूसरी जगह पर मैदानी इलाके में अंदर की तरफ शिफ्ट कर दी गयी थी. शराब दुकान के शिफ्ट हो जाने से इलाके सैकड़ों रहवासी, दुकानदार और मेन रोड ने निकलने वाले सैकड़ों लोगों राहत मिल गयी थी. इसी बीच इस दुकान में सियासत ने एन्ट्री मारी और रविवार को दुकान शिफ्टिंग को लेकर बड़ा बवाल सामने आया है जहां दुकान शिफ्ट होने से क्षेत्र के रहवासी और ठेकेदार दोनों खुश हैं लेकिन इस पूरे मामले में आबकारी विभाग ने टांग अड़ी और मामला बिगड़ गया.**

नतीजतन 3 घंटे से ज्यादा मेन रोड पर चक्का जाम के हालात बने रहे और सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम लग गया. सभी का कहना था कि पुरानी जगह से दुकान हटने पर जब स्थानीय रहवासियों को कोई परेशानी नहीं है तो न ही ठेकेदार को कोई दिक्कत है तो जबरन शराब दुकान क्यों वापस मेन रोड पर लगाने की जिद की जा रही है.

दोपहर करीब 2 बजे उस वक्त विवाद की शुरूआत हुयी जब आबकारी टीम पीतलमील चौराह स्थित नयी जगह पर खुली शराब की दुकान पर तालाबंदी करने लगी और पुरानी जगह पर दुकान को शिफ्ट करने का आदेश दे दिया. इस बात की खबर जैसे ही स्थानीय रहवासियों को लगी तब वह बड़ी संख्या में दुकान के सामने एकत्रित हो गया और सभी की मांग थी कि जहां नयी जगह पर शराब दुकान खोली गयी है उसको यथावत रखा जाये. जबकि आबकारी विभाग अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और दुकान को पुरानी जगह पर शिफ्ट करने की तैयारी में है. इस दौरान विवाद इतना बड़ा कि स्थानीय व्यापारी और कुछ महिलाओं ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह की कोशिश की. जिसे पुलिस ने समय रहते रोक लिया. देर शाम तक चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम लगा रहा और बड़ी संख्या में दोनों थानों समेत पुलिस लाइन का बल भी तैनात रहा.

## दुकान शिफ्टिंग में राजनैतिक कनेक्शन

पीतलमील चौराहा पर नयी जगह पर दुकान का संचालन 1 अप्रैल से शुरू हो गया था.5 दिन तक दुकान चलती रही और लोग खुश भी हुये और यहीं के स्थानीय व्यापारी शनिवार को प्रशासन का आभार जताने के लिये कलेट्रेक्ट भी पहुंचे थे और साथ ही उन्होंने यह आशंका भी व्यक्त कर दी थी कि दुकान को वापस पुरानी जगह पर शिफ्ट करने की खबर चली है जिसका विरोध भी किया था और रविवार को पूरा मामला सामने आया और दिनभर बबाल होता रहा. इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गयी लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.वहीं ठेकेदार का कहना है कि प्रशासन और आबकारी विभाग के निर्देशों का पालन किया जा रहा है.जहां पर दुकान खोलने के लिये कहा जायेगा वहां से दुकान का संचालन किया जायेगा. सूत्रों की माने तो शराब दुकान शिफ्टिंग में राजनैतिक कनेक्शन सामने आ रहा है.जिसके चलते जनता की खुशी और मांग को दरकिनार करते हुये पुरानी जगह पर शराब की दुकान खोलने की कवायद चल रही है. वहीं भोपाल के रसूखदार नेता ने भी इस मामले में दखल दिया है. इस तरह की अफवाह चल रही है.दरअसल दुकान के किराये की राशि भारी भरकम होती है जिसे हाथ से फिसलने का डर बना हुआ है.

## हत्या के प्रयास मामले के तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार

**वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार जप्त**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 5 अप्रैल, थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास के प्रकरण में करीब चार माह से फरार चल रहे तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.**

आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी जप्त किया गया है. पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सफलता प्राप्त की. जानकारी के अनुसार विगत दिनों थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूसल्ला अभयराज में एक गंभीर मारपीट की घटना की सूचना मिली थी. जिस पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई. मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. मामले में चिकित्सीय रिपोर्ट में गंभीर चोट पाए जाने पर प्रकरण में धारा का इजाफा किया गया. पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए मामले में तीन फरार एवं एक-एक हजार के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

## जैतपुर में वार्षिक विमान महोत्सव संपन्न

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम जैतपुर स्थित श्री 1008 आदिनाथ दि. जैन मंदिर में पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सान्निध्य में वार्षिक विमान महोत्सव श्रद्धा, उत्साह के साथ संपन्न हुआ. यह आयोजन पूरे गाँव के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण बन गया. सुबह से ही पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला. इस मौके पर अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन एवं शांतिनाथ विधान संपन्न हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इसके पश्चात मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए. वही दोपहर में भव्य विमानोत्सव चलसमारोह निकाला गया. जिसमें आकर्षक विमान जी में श्रीजी विराजमान होकर निकले.

## ई-कॉमर्स की मनमानी पर लगे रोक राष्ट्रीय रिटेल विकास परिषद की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा,विदिशा चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सरकार से ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती मनमानी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.**

उन्होंने जन विश्वास विधेयक 2.0 का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्यापार सुगमता और विश्वास आधारित शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इससे व्यापारियों में विश्वास बढ़ेगा और कारोबारी माहौल बेहतर होगा.खंडेलवाल ने चिंता जताई कि विदेशी पूंजी से संचालित कुछ कंपनियां देश के व्यापारिक संतुलन को प्रभावित कर रही हैं और छोटे व्यापारियों के लिए चुनौती बन रही हैं. उन्होंने कहा कि प्रिडेटरी प्राइसिंग, भारी छूट, डार्क पैटर्न्स और चुनिंदा विक्रेताओं को बढ़ावा जैसी गतिविधियां प्रतिस्पर्धा के खिलाफ हैं.उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति को जल्द लागू करने और कड़े नियम बनाने की मांग की. साथ ही राष्ट्रीय रिटेल विकास परिषद के गठन की जरूरत बताई, ताकि व्यापारियों को नीति निर्माण में भागीदारी मिल सके.कैट ने कहा कि संतुलित और निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था ही मजबूत अर्थव्यवस्था की आधारशिला है.

## विधायक ने बस स्टैंड और कॉलेज का किया निरीक्षण

**व्यवस्थाओं में सुधार और यात्रियों व छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर के दो प्रमुख स्थलों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया और कमियां पाए जाने पर उन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए.**

विधायक ने एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के साथ महाराणा प्रताप बस स्टैंड का निरीक्षण किया. यहां साफ सफाई, पेयजल और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर व्यवस्थाएं जांची गई. बंद पड़ी प्याऊ को लेकर विधायक ने नाराजगी जताई और उसे तत्काल शुद्ध व शीतल जल के साथ चालू करने के निर्देश दिए. साथ ही बस स्टैंड परिसर और आसपास साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करने को कहा.गर्मी के मौसम को देखते हुए यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए.इसके बाद विधायक ने सुभद्रा देवी कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण किया. उन्होंने भवन, मैदान, कक्ष, लाइब्रेरी और प्रयोगशाला का जायजा लिया. प्राचार्य और स्टाफ को शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए.विधायक ने कहा कि आमजन और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है.

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने उठाई मांगें

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भारतीय किसान संघ, जो किसानों का किसानों के लिए और किसानों द्वारा संचालित गैर-राजनैतिक राष्ट्रवादी संगठन है, समय-समय पर किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रिय रहता है. इसी क्रम में संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष मांगें रखी गई हैं.

संघ ने मांग की है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में जिन किसानों द्वारा नियत तिथि पर राशि जमा कर दी जाती है, उन्हें पूर्व वर्षों के नियमों के अनुसार 5 दिनों के बाद राशि वापस प्रदान की जाए.इसके साथ ही जिला सहकारी बैंक की मेन ब्रांच गंज बासौदा में राशि जमा करने और निकालने में किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है. ऐसी स्थिति में किसानों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, पीने योग्य स्वच्छ पानी और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए.संघ ने खसरा-खतौनी पोर्टल को पुनः चालू करने की मांग भी की है, ताकि किसानों को आसानी से खसरा बी-1 की प्रतिलिपि मिल सके.चना और मसूर की तुलाई के लिए नए केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कर तुलाई कार्य शुरू कराने की भी मांग की गई है.इसके अलावा शासन के आदेशानुसार निर्धारित तिथि 10 अप्रैल 2025 से गेहूं तुलाई प्रारंभ कर सभी उपार्जन केंद्रों पर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने की बात कही गई है.भारतीय किसान संघ तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा मध्य भारत प्रांत द्वारा यह मांगें किसानों के हित में उठाई गई हैं.

## :: जाहिर सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शरदसिंह पुत्र श्री कन्हैया लाल ठाकुर, निवासी शेरपुरा विदिशा म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की प.ह.नं. 68, ग्राम सौराई, तहसील व जिला विदिशा में स्थित कृषि भूमि जिसका आराजी क्र. 23/1/2 रकवा 0.666 हेक्टेयर भूमि में से 0.627 हेक्टेयर भूमि जिसकी चर्तुसीमायें उत्तर में धतूरिया ढोलखेड़ी वायपास मार्ग, दक्षिण में भूमि 25/1. पूर्व में कच्चा रास्ता एवं पश्चिम में भूमि सर्वे नं. 24 एवं नदी है। उक्त कृषि भूमि का क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने भूमि क्रय संबंधी बातचीत कर अग्रिम ब्याना अदा कर दिया है। अब सिर्फ विक्रय पत्र संपादित कराना शेष रहा है। उक्त भूमि बाबत यदि किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, फर्म, शासकीय व अशासकीय कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि कहीं दान, बंधक, गिरवी हो तो संबंधित व्यक्ति, बैंक अथवा कोई भी वित्तीय संस्थान इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित साक्ष्य सहित मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देंवे। अन्यथा सूचना प्रकाशन में दी अवधि के पश्चात श्री शरद सिंह पुत्र श्री कन्हैया लाल ठाकुर मेरे पक्षकार को विक्रय पत्र संपादित कर देंगे एवं तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी। ऐसी स्थिति में संबंधित को होने वाली क्षतिपूर्ति व परिणामों का उत्तदायित्व ऐसे व्यक्ति/बैंक / संस्थान स्वयं का होगा। अत: सूचित हों।

भवदीय
**प्रेमनाराण शर्मा एडवोकेट**
द्वारा हरिपुरा विदिशा
मो. नं. 9893470340

## ऐतिहासिक स्थल रामनगर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरुकता को लेकर विद्यार्थियों ने निभाई सक्रिय भूमिका**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,**सेंट मेरी पीजी कॉलेज विदिशा का एक दिवसीय शिविर संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गोस के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो अरविंद द्विवेदी एवं प्रो दीपा राठौर के मार्गदर्शन में ग्राम वररी घाट एवं छापखेड़ा के मध्य स्थित बेतवा नदी के तट पर ऐतिहासिक स्थल रामनगर में आयोजित किया गया.

इस अवसर पर रामनगर परिसर की व्यवस्थापूर्ण तरीके से साफ-सफाई की गई. नदी के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. साथ ही गाजर घास उन्मूलन कर पूर्वरोपित पौधों की घुराई कर थालों का निर्माण किया गया.तत्पश्चात स्वयंसेवकों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति पूर्व नगरी प्रशासनिक अधिकारी अमर सिंह दांगी ने जागरूक किया. वहीं वरिष्ठ स्वयंसेवक नरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवकों को रामनगर ऐतिहासिक स्थल के प्रति कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया.इस दौरान सतीश गंगवाल के विशेष सहयोग से कस्बा गुलाबगंज में नशा मुक्ति एवं पर्यावरण जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया. गंगवाल द्वारा कार्यक्रम अधिकारी प्रो अरविंद द्विवेदी का स्वागत किया गया.कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल, अरविंद मालवीय, आनंद गुर्जर, अंजलि गुर्जर, पलक एवं गुंजन का विशेष सहयोग रहा.

## विकासखंडों में आज से लगेंगे पुस्तक मेले

**सीहोर.** निजी स्कूलों एवं स्टेशनरी दुकानों की मोनापाली को खत्म करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 6 से 9 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर के एमएलबी स्कूल, आष्टा के शासकीय संदीपनी स्कूल, इछावर के शासकीय संदीपनी स्कूल, बुधनी के शासकीय संदीपनी स्कूल और भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में 6 से 09 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे पुस्तक मेले आयोजित किए जाएंगे.

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**कार्यकर्ताओं को मिला संगठन और बूथ प्रबंधन का प्रशिक्षण**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,वेत्रवती नगर मंडल भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन रविवार को बाढ़ वाले गणेश मंदिर परिसर में हुआ. प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.**

प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यपद्धति से अवगत कराना रहा, ताकि वे जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बना सकें. प्रशिक्षण सत्र में भाजपा का इतिहास, वैचारिक आधार, संगठन की रीति-नीति, बूथ प्रबंधन की रणनीति और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई.विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है.समापन सत्र में आनंद जैन, राहुल जैन, बलवीर रघुवंशी, अरविंद श्रीवास्तव और तोरण सिंह दांगी ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की मजबूती के लिए जरूरी बताया.इस अवसर पर नियंत्रक पंकज पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. उक्त कार्यक्रम का समापन बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर हुआ.

## साहू समाज बंधुओं को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आमंत्रण



नवभारत न्यूज

**पठारी,नि:शुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर तहसील सिरोंज में आयोजित किया जाएगा. सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों और समाजजनों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं.**

इसी क्रम में मां कर्मा साहू समाज उत्थान समिति सिरोंज एवं क्षेत्रीय साहू समाज समिति के प्रतिनिधिमंडल ने पठारी तहसील क्षेत्र के साहू समाज बंधुओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने हेतु आमंत्रण दिया.इस अवसर पर नि:शुल्क साहू समाज सम्मेलन के अध्यक्ष मोतीलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल साहू, प्रेम नारायण साहू, उमेश साहू, नारायण प्रसाद साहू, दिनेश साहू, राजकुमार साहू, रामसेवक साहू, गुड्डा साहू आदि मौजूद रहे.

## पांचवें दिन शराब दुकान हटाने धरना प्रदर्शन जारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्टेशन क्षेत्र भगवान श्री राम हनुमान मंदिर के पास शराब दुकान को हटाने सर्वदलीय धरना प्रदर्शन जारी है भीषण गर्मी में यहां के रहवासी तथा राजनीतिक दलों के नेता धरना प्रदर्शन में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं अब धरना प्रदर्शन के लिए महिलाएं भी मोर्चा संभालेंगी क्योंकि धार्मिक श्रद्धालु शराब की दुकान के सामने से निकलते हैं तो शराबी नशे की हालत में महिलाओं के साथ गाली गलौज करने लगते हैं और तरह-तरह की बकवास करते हैं पिछले 15 वर्षों से नागरिक लगातार इस दुकान को हटाने की मांग करते आ रहे हैं विधायक और सभी जनप्रतिनिधि इस दुकान को हटाने विदिशा कलेक्टर को लिख चुके हैं जिला आपका अधिकारी को भी ज्ञापन दिया था उन्होंने आश्वासन दिया था यह दुकान हटा दी जाएगी.

## आजाद समाज पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पठारी,नगर के मुख्य बस स्टैंड पर आजाद समाज पार्टी द्वारा आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं सहित विभिन्न जनहित मुद्दों को उठाया गया. सभा के पश्चात कलेक्टर के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अभिषेक पांडे को सौंपा गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र विद्रोही एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित चौधरी उपस्थित रहे. इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसानों और आमजन से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को सामने रखा.ज्ञापन में प्रमुख रूप से गेहूं के समर्थन मूल्य को बढ़ाने, केसीसी ऋण अदायगी की समय सीमा बढ़ाने और फसल भुगतान के बाद अतिरिक्त समय देने की मांग की गई. इसके साथ ही बिजली विभाग की मनमानी वसूली और स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने की मांग उठाई गई. निजी स्कूलों द्वारा ली जा रही अवैध फीस पर नियंत्रण और सख्त नियम लागू करने की बात भी कही गई.इसके अलावा डॉ भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करने, अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग की भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई, अवैध खनन पर रोक और मजदूरों को दोगुना मुआवजा देने की मांग भी रखी गई.

**अभियान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 26वाँ चरण सम्पन्न**

## गर्मी बढ़ते ही नदी किनारे बढ़ा कचरा, श्रमदानियों ने निकाला दो ट्राली अपशिष्ट



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,बेतवा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयासरत श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वाधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 26वाँ चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. प्रत्येक रविवार की भाँति इस सप्ताह भी श्रमदानियों ने नदी घाट और प्रवाह क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया.**

अभियान के दौरान घाट किनारों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े, खाद्य सामग्री, तेल शैंपू पाउच, फूल एवं फूल मालाएं व उनके अवशेष तथा अन्य अपशिष्टों को एकत्रित किया गया. श्रमदानियों ने लगभग तीन घंटों तक लगातार मेहनत कर बड़ी मात्रा में कचरा नदी से बाहर निकाला और दो ट्राली कचरा एकत्र किया गया.

श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील की है कि वे नदी किनारे स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार का कचरा घाटों या नदी में न फेंकें. यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखना संभव है. दल का मानना है कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए. जब तक समाज स्वयं जागरूक नहीं होगा, तब तक ऐसे प्रयासों के बावजूद स्थायी समाधान संभव नहीं हो पाएगा.

### बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ा कचरा

श्रमदान दल के सदस्यों ने बताया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे नदी किनारे लोगों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है. लोग ठंडक और मनोरंजन के लिए घाटों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही लापरवाहीपूर्वक कचरा छोड़कर चले जाने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है. परिणामस्वरूप हर सप्ताह निकलने वाले कचरे की मात्रा में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो चिंता का विषय है. यह स्थिति न केवल नदी की स्वच्छता को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण और जलीय जीवन के लिए भी हानिकारक साबित हो रही है.इस स्वच्छता अभियान में नीरज साहू, दिनेश चौरसिया, राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, नितिन अग्रवाल, आकाश जैन सहित अन्य श्रमदानियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. विशेष रूप से बाल श्रमदानी अभिनव शर्मा एवं अरनब रघुवंशी की उपस्थिति और योगदान प्रेरणादायक रहा, जो यह दर्शाता है कि नई पीढ़ी भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग हो रही है

## श्री रामचरित मानस सम्मेलन में धर्म, आचरण और भक्ति पर हुई गहन चर्चा

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,नगर के श्री मुरलीधर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामचरित मानस सम्मेलन एवं संगीतमय श्री रामकथा का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में सम्पन्न हुआ. कथा व्यासों और वक्ताओं ने अपने प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया.**

कार्यक्रम में ब्रह्मचारी जी महाराज ने इंद्र और वृत्रासुर के युद्ध प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने वृत्रासुर को वरदान प्रदान किया था, जिससे यह कथा धर्म, नीति और भगवान की लीला का गूढ़ संदेश देती है.वहीं अरुण गोस्वामी जी ने रावण के अभिमान का उदाहरण देते हुए कहा कि अभिमान ही पतन का कारण बनता है. उन्होंने दांपत्य जीवन में धर्म और आचरण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक आचरण शुद्ध नहीं होगा, तब तक भगवान की सच्ची भक्ति का अंकुरण संभव नहीं है. जीवन को सार्थक बनाने के लिए सदाचार आवश्यक है.कथा व्यास नीलम गायत्री जी ने भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव स्वयं रामलला के दर्शन करने के लिए मदारी का रूप धारण कर पहुंचे थे. इस कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम के अद्भुत भाव से भर दिया.इस अवसर पर मंच संचालक भगवान प्रसाद शास्त्री जी ने भगवान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लिया. पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा.